प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय पंतनगर, जिला- ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

पंतनगर विश्वविद्यालय में हुआ नये यूनिवर्सिटी सेंटर का उद्घाटन

पंतनगर। 16 मार्च 2020। पंतनगर विश्वविद्यालय में बने नये भवन, यूनिवर्सिटी सेंटर, जिसमें विश्व बैंक पोषित राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना (नाहेप) का संचालन किया जा रहा है, का उद्घाटन नाहेप के राष्ट्रीय निदेशक, डा. आर सी अग्रवाल, द्वारा किया गया। इस भवन की आधार शिला पूर्व-कुलपति व पूर्व महानिदेशक, आईसीएआर, डा. मंगला राय, ने रखी थी। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा भवन के साथ-साथ आईडीपी नाहेप की आधिकारिक वेबसाइट को भी लॉन्च किया गया। इस कार्यक्रम में नाहेप के राष्ट्रीय समन्वयक डा. पी रामसुंदरम, पंतनगर विश्वविद्यालय के कुलपति डा. तेज प्रताप, अग्रणी कृषि उद्यमी एवं विश्वविद्यालय के बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट के सदस्य श्री सुधीर चड्ढा भी उपस्थित थे।

डा. अग्रवाल ने इस अवसर पर कहा कि पंतनगर विश्वविद्यालय में यह परियोजना अन्य विश्वविद्यालयों से अच्छी चल रही है। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि पंतनगर के साथ नाहेप की यह साझेदारी उपलब्धियों के नए आयाम जोड़ेगी। कुलपति डा. तेज प्रताप ने कहा कि पंतनगर विश्वविद्यालय आने वाले दिनों में एक रोलमॉडल के रूप में विकसित होगा और निश्चित रूप से इस परियोजना से मौजूदा शिक्षण प्रणाली में आमूल चूल परिवर्तन आएंगे। डा. पी रामसुंदरम ने भी कहा कि जहां तक परियोजना का संबंध है, पंतनगर का प्रदर्शन बेहतर है तथा उन्हें उम्मीद है कि अगले चरण में भी यह प्रदर्शन जारी रहेगा। श्री सुधीर चड्ढा ने कहा कि इस परियोजना से राज्य की विकासात्मक जरूरतों को पूरा करने के लिए समाधान खोजा जाना चाहिए। नाहेप परियोजना के मुख्य अन्वेषक डा. एस.के. कश्यप ने इस अवसर पर परियोजना की विस्तृत जानकारी देते हुए इसमें अभी तक प्राप्त की गयी उपलब्धियों की जानकारी दी।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता, निदेशक, संकाय सदस्य एवं विद्यार्थियों सहित लगभग 200 लोग उपस्थित थे।

यूनिवर्सिटी सेंटर का उद्घाटन करते नाहेप के राष्ट्रीय निदेशक, डा. आर.सी. अग्रवाल; कुलपति, डा. तेज प्रताप एवं अन्य अतिथिगण।

नव-निर्मित यूनिवर्सिटी सेंटर का भवन।